# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

पत्रांक– 2534 /14–1, कन्नौज, दिनांक, 16/04/ ,2025

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
कानपुर मण्डल, कानपुर

विषय :– साउथ ईस्ट यू० पी० पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 765 के० वी० सिंगल सर्किट मैनपुरी - उन्नाव पारेषण लाइन के निर्माण हेतु मैनपुरी में प्रभावित 1.5364 हे० संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 238 वृक्षों के पातन, कन्नौज में प्रभावित 0.32 हे० संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 8 वृक्षों के पातन, कानपुर में प्रभावित 0.8155 हे० संरक्षित एवं 3.5583 हे० आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 398 वृक्षों के पातन तथा उन्नाव में प्रभावित 0.6813 हे० संरक्षित एवं 8.7003 हे० आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग व 1502 वृक्षों के पातन अर्थात 3.3788 हे० संरक्षित एवं 12.2586 हे० आरक्षित वनभूमि कुल 15.6118 हे० वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 2146 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक 2965/11–सी– FP/UP/Trans/21539/2016 दिनांक 15.04.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अनुरोध है कि उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रश्नगत प्रस्ताव में कतिपय आपत्तियाँ प्रेषित की गयी है। अतः उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में उठायी गयी आपत्तियों का निराकरण कर वॉछित अभिलेख/वचनबद्धता प्रमाण पत्र परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर आख्या निम्नवत् प्रेषित है–

| क्र0 सं0 | आपत्ति | निराकरण/आख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ऑनलाइन अपलोड किये गये पारेषण लाइन के नीचे रिक्त स्थानों में बौने मुख्यतः औषधीय पौधों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन में मंहगाई दर त्रुटिपूर्ण ली गयी है। अतः सही महँगाई दर के अनुसार संशोधित प्राक्कलन ऑनलाइन अपलोड करें। | स्ही महंगाई दर अनुसार प्राक्कलन संशोधित कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 2 | सी0ए0 समेकित रूप से सोनभद्र वन प्रभाग में प्रस्तावित है। उक्त सूचना उन्नाव वन प्रभाग द्वारा भरी जानी है। अतः क्रमांक 13(i), (ii), (iii), (iv) एवं (v) में अपलोड अभिलेख व डाटा डिलीट करें। | ऑनलाइन पार्ट–2 के क्रमांक 13(i), (ii), (iii), (iv) एवं (v) में अपलोड अभिलेख व डाटा डिलीट कर दिये गये हैं। |
| 3 | उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित पी0डी0एफ0 फाइल ऑनलाइन अपलोड करें। | संशोधित पी0डी0एफ0 फाइल ऑनलाइन अपलोड कर दी गयी है। |

संलग्नकः– यथोपरि ।

भवदीय

(डॉ0 हेमन्त कुमार सेठ)
प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

Ajay/desktop/genral/765 kv

पत्रांक 2534 /समदिनांकित

**प्रतिलिपि** :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :– महाप्रबन्धक, साउथ ईस्ट यू0पी0 पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डॉ0 हेमन्त कुमार सेठ)**
प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज

Ajay/desktop/genral/765 kv